बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विस्तृत सूचना

विज्ञापन संख्या–65/2020 के अंतर्गत सहायक संग्रहालयाध्यक्ष/शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी/सहायक निदेशक के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–25.03.2023 (शनिवार) को दो पालियों (11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक तथा 1:00 बजे अपराह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक) में परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा में शामिल होने वाले संबंधित अभ्यर्थियों का ई-प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in एवं www.onlinebpsce.bihar.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर अभ्यर्थी परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटा पूर्व अर्थात् 9:00AM बजे तक पहुँच जाएँ। परीक्षा केन्द्र में 9:00AM से प्रवेश की अनुमति दी जायगी तथा 10:00 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी छात्र को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायगी। प्रथम पाली की परीक्षा समाप्त होने तथा द्वितीय पाली के लिए 1:00 बजे अपराह्न में परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने के मध्य कोई परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जायेंगे।

कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 25.03.2023 को सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्ण रूप से भरकर उसमें निर्दिष्ट स्थान पर रंगीन फोटो चिपकाऐंगें एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे। घोषणा पत्र पर चिपकाऐं गए फोटों को किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कराना आवश्यक होगा।
2. घोषणा पत्र के अतिरिक्त राजपत्रित पदाधिकारी से दो रंगीन फोटो अभिप्रमाणित कराकर एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे एवं दूसरा फोटो ई-प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. अभ्यर्थी पहचान के लिए आधार कार्ड लाना सुनिश्चित करेंगें। आधार कार्ड नहीं होने पर अपना फोटो पहचान पत्र यथा–EPIC/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई॰ डी॰ कार्ड/पासपोर्ट आदि में से किसी एक की छायाप्रति, जो उक्त आई.डी. की एक स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा एक अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
4. **OMR Sheet में Roll No ठीक से नहीं रंगने या Question Booklet Series अंकित नहीं करने पर OMR Sheet का मूल्यांकन नहीं होगा।**
5. परीक्षा केन्द्र परिसर जहाँ परीक्षा होनी है, में परीक्षार्थी अपने साथ ब्लू/ब्लैक बॉल प्वाईट पेन के अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री न लाएँ, यथा; कैलकुलेटर, मोबाईल, ब्लुटुथ वाई–फाई, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, स्मार्ट वॉच (किसी भी प्रकार की घड़ी) आदि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा Whitener/ Blade/Eraser आदि पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। इसका उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध विधिसम्मत् कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

नोटः–विहित घोषणा–पत्र आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

21/03/23

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना